कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2024/

लखनऊ:दिनांक 22 मई 2024

नीट यू0जी0 2018 (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट/डिमान्स्ट्रेटर/ट्यूटर के पद पर सेवायोजित किये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

नीट यू0जी0 2018 (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत सेवायोजित किये जाने के संबंध में वेबसाईट पर प्रदर्शित महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश संख्या–एम0ई0–3/2024/686 दिनांक 01 अप्रैल 2024 तथा एम0ई0–3/2024/927 दिनांक 08 मई 2024 के क्रम में उक्त अभ्यर्थियों हेतु आयोजित ऑनलाईन काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–143/2018/1912(1)/71–1–2018–जी0–290/2017टी0सी0–2 दिनांक 23 मई 2018 द्वारा प्रदेश के 06 राजकीय मेडिकल कालेजों क्रमशः गोरखपुर आगरा, मेरठ कानपुर, प्रयागराज एवं झॉसी में नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट के पद नियत वेतन रू0 63,000/– प्रतिमाह में सृजित किये गये हैं, जबकि डिमान्स्ट्रेटर/ट्यूटर के पद ग्रेड वेतन रू0 5400/– (लेवल 10) में सृजित हैं।

उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या–950/71–2–82/2017 दिनांक 07 मार्च 2018 के प्रस्तर–2(3) द्वारा यह निर्देश जारी किये गये हैं कि "ऐसे चिकित्सकों (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0/स्नातकोत्तर डिग्रीधारक/पी0जी0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम/एम0डी0एस0) को वही परिलब्धियां तथा मासिक मानदेय प्रदान किये जायेंगे जैसा कि यथास्थिति नान पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट/सीनियर रेजीडेण्ट अथवा वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से प्राप्त संविदा चिकित्सकों को किए जाते हैं।"

अतः प्रश्नगत काउंसिलिंग में प्रदेश के 06 मेडिकल कालेजों, जहाँ नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्ट के पद नियत वेतन रू0 63,000/– प्रतिमाह तथा डिमान्स्ट्रेटर/ट्यूटर के पद, जो ग्रेड वेतन 5400/– (लेवल 10) में सृजित हैं, को आनलाईन काउंसिलिंग में प्रदर्शित होने वाली सीट मैट्रिक्स में पृथक–पृथक प्रदर्शित किया जायेगा। उक्त तथ्यों का संज्ञान लेते हुए ही अभ्यर्थी ऑनलाईन काउंसिलिंग में अपनी च्वाईस भरना सुनिश्चित करें। सीट आवंटन के उपरान्त किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।

कृते महानिदेशक

संख्या: एम0ई0–3/2024/1003 तद्दिनांक/

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–चार।
2. समस्त सदस्य, काउंसिलिंग बोर्ड।
3. कुलसचिव, के0जी0एम0यू0/यू0पी0यू0एम0एस0, सैफई, निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ/डा0 मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ/राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा/पी0जी0आई0सी0एच0, नोएडा/सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान, लखनऊ/प्रधानाचार्य समस्त राजकीय/स्वशासी मेडिकल कालेज, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को नोटिस बोर्ड एवं कालेज की बेवसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
4. निदेशक, एन0आई0सी0.योजना भवन, लखनऊ/यू0पी0एस0डी0सी0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को बेवसाईट dgmeonlineposting.upsdc.gov.in पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।।
5. शिविर सहायक, महानिदेशक कैम्प, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ, उ0प्र0।

कृते महानिदेशक